आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 07.11.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्‌घाटन किया। कहा– वंदे मातरम एक मंत्र, ऊर्जा, स्वप्न और भारत–माता के प्रति एक संकल्प।
- राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून में रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर में कृषक सम्मेलन का शुभारंभ किया। कहा– राज्य को आगे बढ़ाने में किसानों का बहुत बड़ा योगदान।
- पीआईबी देहरादून की ओर से बागेश्वर में मीडिया कार्यशाला का आयोजन।

**प्रधानमंत्री / वंदेमातरम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने **vandemataram150.in** पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डालकर प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।
प्रधानमंत्री ने बंकिमचंद्र के आनंद मठ को स्वतंत्र भारत का सपना बताया।
प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों का भी जिक्र किया।

**वंदेमातरम गीत / प्रदेश**

वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में देशभक्ति, उत्साह और राष्ट्रीय गर्व से ओतप्रोत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण के नेतृत्व में गैरसैंण में प्रभात फेरी और वंदेमातरम रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्र–छात्राओं, स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के सम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का शाश्वत मंत्र है। राज्यसभा सासंद डॉ. नरेश बंसल ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गीत केवल शब्द नहीं, बल्कि मां भारती के प्रति समर्पण, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। उधर, हरिद्वार के ऋषिकुल आर्वेदिक महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस गीत ने आजादी की लड़ाई में राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का काम किया।

**रजत जयंती सप्ताह**

रजत जयंती सप्ताह के पांचवे दिन आज उत्तरकाशी के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को राज्य सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं, लोक गायकों और कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में साहित्यकार समागम भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रख्यात साहित्यकारों ने भाग लिया। इस दौरान गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान और जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने रामलीला मैदान में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही दिव्यांग रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ नौगांव, पुरोला और मोरी विकासखंडों के दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी, श्रवण यंत्र आदि सहायक उपकरण उपलब्ध कराएगा।

**रजत जयंती रैतिक परेड**

राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज पुलिस लाइन, देहरादून में रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' और 'पुलिस पदक' प्राप्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। रजत जयंती समारोह के अवसर पर इस वर्ष का उत्तराखण्ड गौरव सम्मान निशानेबाज पद्मश्री जसपाल राणा, अभिनेता व लेखक स्वर्गीय टॉम ऑल्टर, राज्य आंदोलनकारी स्वर्गीय सुशीला बलूनी और चिपको आंदोलन की जननी स्वर्गीय गौरा देवी सहित आठ महानुभावों को दिया गया। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन महानुभावों की अनुपस्थिति में यह सम्मान उनके परिजनों को दिया। राज्यपाल ने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे तकनीक, नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी बनें तथा देश–प्रदेश के विकास में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के इन 25 वर्षों की यात्रा में राज्य ने अनेक चुनौतियों और समस्याओं का सामना करते हुए आज देश के अग्रणी और सशक्त राज्य के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत से हुई। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने "उत्तराखण्ड पुलिस पत्रिका–2025" का विमोचन और रजत जयंती पदक के प्रतीकात्मक चिन्ह का अनावरण भी किया।

**कृशक सम्मेलन**

राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में आज कृषक सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों और लखपति दीदीयों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का ये सम्मेलन केवल कृषि संबंधी योजनाओं की चर्चा का कार्यकम नहीं है, बल्कि प्रदेश के सभी किसान भाईयों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि इस राज्य को आगे बढ़ाने में हमारे किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और किसान सरकार की हमेशा प्राथमिकता रहे हैं।

**मीडिया कार्याला**

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी, देहरादून की ओर से बागेश्वर में आज एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुन्दरियाल ने कहा कि यह संवाद सरकार और मीडिया के बीच सेतु का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की भूमिका जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण है और पीआईबी का उद्देश्य प्रमाणिक सूचना उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि मीडिया, समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में मीडिया और अधिकारियों के बीच सकरात्मक वार्तालाप हुआ।

इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, नैनीताल की ओर से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रमों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पिछले 11 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां दर्शायी गईं।

**साइकिल रैली**

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के तहत चम्पावत जिले में आज माउंटेन साइकिल रैली आयोजित की गई। पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में दो दर्जन से अधिक साइकिल सवारों ने भाग लिया। पर्यटन आवास गृह से दूध पोखरा चाय बागान तक लगभग 15 किलोमीटर की इस रैली का शुभारम्भ दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर साइकिल राइडरों ने लोगों को खेल, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।